FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

# 0204
# TS

**A**

Total No. of Questions – 16
Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No. [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ]

## Part – II
## HINDI, Paper – II
(Second Language)

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 100

सूचनाएँ : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

### खण्ड – 'क' (60 अंक)

1. निम्नलिखित दोहे की पूर्ति करते हुए भावार्थ सहित विशेषताएँ लिखिए : 1 × 8 = 8

विद्याधन ................................ ।
................................ का पौन ।।

अथवा

कनक–कनक ................................ ।
................................ बौराय ।।

2. किसी एक कविता का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : 1 × 6 = 6
   (1) कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती
   (2) इतिहास की कालहीन कसौटी

3. किसी एक पाठ का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : 1 × 6 = 6
   (1) आलस्य और दृढ़ता
   (2) दो कलाकार

4. किसी एक एकांकी का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : 1 × 6 = 6
   (1) छींक
   (2) रीढ़ की हड्डी



www.FirstRanker.com
FirstRanker.com
Firstranker's choice

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) अवसाद ?
मत पास फटकने दो इसको,
जीवन विकास हित
घातक यह
भूजीवी के हित
पातक यह !

(2) लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ।

(3) घर की ही दीवार जब जलाने लगे घर-द्वार
रोशनी पलट जाए बन जाए अंधकार
पर्दे में भरोसे के जब पलने लगे अनाचार
व्यक्ति मान बैठे जब अपने को अवतार

(4) फसलें उगती, फसलें कटती, लेकिन धरती चिर उर्वर है
सौ बार बने, सौ बार मिटे, लेकिन मिट्टी अविनश्वर है ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है । विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है ।

(2) 'हे वीर पुरुषों ! मर्द बनो और ललकार कर कहो कि मैं भारतीय हूँ ..... हर एक भारतवासी मेरा भाई है ।'

(3) 'अरे क्रीम है, इससे जाड़ों में चेहरा चिकना बना रहता है, काला नहीं पड़ता ।'

(4) तब से आज तक कूर्मांचल के जंगलों में एक चिड़िया दर्द भरे स्वर में बार बार पूछती है, जुहो! जुहो! जुहो!

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(1) आलस्य को दूर करने के क्या उपाय हैं ?

(2) ललिता का स्वभाव कैसा था ?

(3) स्वामी विवेकानंद के जीवन से क्या-क्या प्रेरणाएँ मिलती हैं ?

(4) समाज सेविका के रूप में अरुणा का वर्णन कीजिए ।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(1) पंचम मिसिर ने कैसा सपना देखा ?

(2) रीढ़ की हड्डी एकांकी का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(3) कलिंग युद्ध से पहले अशोक का स्वभाव कैसा था ?

(4) नीलमणि का चरित्र-चित्रण कीजिए ।


www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice


9. एक वाक्य में उत्तर दीजिए । 5 × 1 = 5

(1) भेष बनाकर सियार क्या नहीं बन सकता ?
(2) बिहारीलाल किस राजा के दरबारी कवि थे ?
(3) सत्ता के मन में पाप भरने से क्या होगा ?
(4) हालावाद के प्रवर्तक कौन हैं ?
(5) सिंधु में डुबकियाँ कौन लगाता है ?

10. एक वाक्य में उत्तर दीजिए । 5 × 1 = 5

(1) रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की ?
(2) आलस्य और दृढ़ता पाठ के लेखक कौन हैं ?
(3) परसाई जी की तीन रचनाओं के नाम बताइए ।
(4) स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम क्या था ?
(5) ललिता किसकी बाल्यसखी थी ?

## खण्ड – 'ख' (40 अंक)

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 × 2 = 8

भारत त्योहारों का देश है । हमारे देश में सर्वत्र विविधता दिखाई पड़ती है । भौगोलिक रचना, मौसम, रहन-सहन, जाति-पाँति, धर्म, आचार-विचार आदि की विविधता के कारण इस देश में अनेकों त्योहार मनाये जाते हैं, जैसे – दशहरा, दीपावली, होली, युगादि, संक्रांति, बकरीद, रमज़ान, क्रिसमस इत्यादि त्योहार भारत में मनाये जाते हैं । इन त्योहारों का संबंध धर्म, विश्वास, मौसम तथा उल्लास से है । कुछ त्योहार ऐसे हैं जिनको सभी भारतीय पूरे देश में मनाते हैं । उन्हें राष्ट्रीय त्योहार कहा जाता है । ये त्योहार स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त, गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, गाँधी जयंती 2 अक्तूबर को मनाये जाते हैं । इन त्योहारों का संबंध हमारी आजादी, हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था, हमारी जातीय अस्मिता तथा राष्ट्रीय गौरव से है । राष्ट्रीय त्योहार हमारे मन में उमंग, उत्साह एवं कर्तव्य-निष्ठा का संचार करते हैं ।

प्रश्न :

(1) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।
(2) रेखांकित वाक्यांश का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।
(3) राष्ट्रीय पर्वों के नाम बताइए ।
(4) पर्व हमारे जीवन में किस प्रकार उपयोगी हैं ?

12. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 6 × 1 = 6

(1) विद्यालय
(2) महेश
(3) हिमालय
(4) स्वागत
(5) दिग्गज
(6) जगदीश
(7) निर्धन
(8) मुनीन्द्र
(9) सज्जन
(10) एकैक




FirstRanker.com
Firstranker's choice

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

13. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों के समास के नाम लिखिए : $6 \times 1 = 6$

(1) सीता-राम (6) पाप-पुण्य
(2) नवग्रह (7) शरणागत
(3) यथाविधि (8) चन्द्रमुख
(4) नीलकमल (9) रसोईघर
(5) त्रिलोक (10) नीलकंठ

14. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं चार मुहावरों के अर्थ लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(1) अंगूठा दिखाना (5) कंचन बरसना
(2) आँखों में धूल झोंकना (6) आग बबूला होना
(3) अपनी कब्र आप खोदना (7) नाम कमाना
(4) पेट में चूहे दौड़ना (8) हाथ मलना

(आ) निम्नलिखित लोकोक्तियों में से किन्हीं चार लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(1) अंधों में काना राजा (5) काला अक्षर भैंस बराबर
(2) खाली दिमाग शैतान का घर (6) चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात
(3) नाच न जाने आँगन टेढ़ा (7) अंधेर नगरी चौपट राजा
(4) आगे कुआँ पीछे खाई (8) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

firstranker.com

15. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए : $1 \times 6 = 6$

गंगा तो विशेषकर भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, उससे भारत की जातियाँ, स्मृतियाँ, उसकी आशाएँ और उसके भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय से लिपटी हुई है। गंगा तो भारत की सभ्यता का प्रतीक रही है, विज्ञान रही है, सदा बदलती, सदा बहती, फिर वही गंगा की गंगा। वह मुझे याद दिलाती है हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों की और गहरी वादियों की, जिनसे मुझे मुहब्बत रही है और उनके नीचे उपजाऊ और दूर-दूर तक फैले मैदान जहाँ काम करते मेरी जिंदगी गुजरी है।

16. किन्हीं तीन वाक्यों के वाच्य बदलिए : $3 \times 2 = 6$

(1) राम पाठ पढ़ता है।
(2) वह दूध पियेगा।
(3) लड़कियों से कपड़े धोये गये।
(4) गोपाल से कविता लिखी जायेगी।
(5) सीता आम खायेगी।
(6) ललिता नहीं सोती है।



www.FirstRanker.com
FirstRanker.com
Firstranker's choice